संत ज़ेवियर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, दिल्ली – 54

कक्षा–8 | अर्ध वार्षिक परीक्षा (2023–24) | पूर्णांक–60

दिनांक–22.9.23 | हिन्दी | समय–2 घंटे 30 मिनट

निर्देश :1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं 'क' तथा 'ख'
2. प्रश्न ध्यान से पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर दें।
3. सुलेख का ध्यान रखें।

भाग 'क'

प्र 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए– (1×4=4)

दूसरों को स्नेह देना और उनका सम्मान करना सामाजिक सफलता का एकमात्र मंत्र है। जीवन में सुख–शांति और उन्नति चाहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सबसे पहली यही सीख धारण करनी चाहिए। गौतम बुद्ध, महावीर और महात्मा गांधी जैसे महापुरूषों में थोड़ा – सा भी अभिमान नहीं था। उन्होंने सदैव दूसरों को महत्व दिया और इस तरह वे स्वयं महान बन गए। मान–सम्मान का मूल्य चुकाना असंभव है। बिना मान–सम्मान के यदि अमृत भी मिले तो विष बन जाता है और मान–सम्मान के साथ दिया गया विष अमृत बन जाता है। विद्यार्थी जीवन का प्रथम पाठ यही है कि वह गुरू के प्रति सच्चे सम्मान का भाव अपने हृदय में पैदा करे, अन्यथा उसकी विद्या व्यर्थ चली जाएगी।

1. सामाजिक सफलता का एकमात्र मंत्र क्या है?
   क. दूसरों का सम्मान करना      ख. जीवन में सुख–शांति पाना
   ग. दूसरों से आगे निकल जाना      घ. उन्नति करना
2. 'अभिमान' शब्द का अर्थ है–
   क. घमंड      ख. प्रेम      ग. सफलता      घ. महान
3. बिना मान–सम्मान के अमृत भी क्या बन जाता है?
   क. विद्या      ख. विष      ग. सीख      घ. भाव
4. विद्यार्थी जीवन का प्रथम पाठ क्या है?
   क. गुरू का आदर न करे      ख. गुरू के प्रति सच्चे सम्मान का भाव रखे
   ग. स्वयं महान बने      घ. उन्नति करे।

प्र 2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए– (1×4=4)

मैं तो वही खिलौना लूँगा, मचल गया दीना का लाल,
खेल रहा था जिसको लेकर, राजकुमार उछाल–उछाल।
व्यथित हो उठी थी बेचारी माँ, सोने का था खिलौना वह तो,
खेल इसी से मेरे लाल, राजा के घर भी नहीं है यह तो।
मैं तो वही खिलौना लूँगा, मचल गया शिशु राजकुमार,
लूँगा, वही लूँगा मैं, वह बालक जिसे पुचकारता था बारंबार।
वह तो मिट्टी का ही होगा, खेलो तुम तो सोने से,
दौड़ पड़े सब दास–दासियाँ, राजपुत्र के रोने से।

1, खिलौने के लिए निम्न में से कौन मचल रहा था?
   क. दीना      ख. दीना का लाल      ग. बेचारी      घ. दासियाँ,
2. राजकुमार कौन–से खिलौने के लिए रो रहा था?
   क. चाँदी के खिलौने के लिए      ख. मिट्टी के खिलौने के लिए
   ग. प्लास्टिक के खिलौने के लिए      घ. कागज़ के खिलौने के लिए

Contd…..2.

3. दास–दासियाँ क्यों दौड़ पड़े थे?
   क.खिलौना टूटने से    ख.खिलौने के खो जाने से
   ग.किसी के डाँटने से    घ.राजपुत्र के रोने से
4. माँ ने बच्चे को क्या कहकर बहलाया?
   क.वह खरीद नहीं सकती है    ख.राजा के घर भी यह नहीं है
   ग.वह कल ले आएगी    घ.वह खिलौना अच्छा नहीं है

प्र 3. व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए– **(1×4=4)**
1. 'अतिथि' शब्द की सही भाववाचक संज्ञा लिखिए–
2. 'चावल' शब्द किस संज्ञा भेद का उदाहरण है?
3. 'जो करेगा सो भरेगा' वाक्य सर्वनाम के किस भेद का उदाहरण है?
4. 'पानी में कुछ गिर गया है'। रेखांकित शब्द सर्वनाम के किस भेद का उदाहरण है?

प्र 4. व्याकरण पर आधारित प्रश्नों के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– **(1×6=6)**
1. 'आकाश के तारे तोड़ना' मुहावरे का सही अर्थ...................... है।
2. 'संतोष हो जाना' यह अर्थ ...............................मुहावरे का है।
3. 'जल' का एक पर्यायवाची शब्द ........................है।
4. 'वसुंधरा' का पर्यायवाची शब्द ............................है।
5. मैंने आज की परीक्षा में सभी 'प्रश्नों' के सही ..........................लिखे। रेखांकित शब्द का उचित विलोम शब्द लिखिए।
6. मैं 'कायर' नहीं .........................हूँ। रेखांकित शब्द के उचित विलोम शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

भाग 'ख' (पाठय पुस्तक 'वसंत' पर आधारित)

प्र 5. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर, निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कर, शब्दों में उत्तर लिखिए– **(1X4=4)**

**दोषों का पर्दाफ़ाश करना बुरी बात नहीं है। बुराई यह मालूम होती है कि किसी के आचरण के गलत पक्ष को उद्घाटित करके उस में रस लिया जाता है और दोषोद्घाटन को एकमात्र कर्त्तव्य मान लिया जाता है। बुराई में रस लेना बुरी बात, अच्छाई में उतना ही रस लेकर उजागर न करना और भी बुरी बात है। सैकड़ों घटनाएँ ऐसी घटती हैं जिन्हें उजागर करने से लोक - चित्त में अच्छाई के प्रति अच्छी भावना जगती है।**

1. लेखक के अनुसार क्या करना बुरी बात नहीं है ?
   1. बुराई में रस लेना    2. गलत पक्ष लेना
   3. बुराई करना    4. दोषों का पर्दाफ़ाश करना
2. इस गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम है -
   1. बस की यात्रा और हरिशंकर परसाई    2. लाख की चूड़ियाँ और कामतानाथ
   3. क्या निराश हुआ जाए और हज़ारी प्रसाद द्विवेदी    4. दीवानों की हस्ती और भगवतीचरण वर्मा
3. इस गद्यांश का काल और विधा है -
   1. भक्तिकाल और नाटक    2. आधुनिक काल और व्यंग्य
   3. भक्तिकाल और कहानी    4. आधुनिक काल और निबंध

Contd.....3.

4 . इस गद्यांश में कौन - सी शैली का प्रयोग नहीं हुआ है -
1 . चित्रात्मक शैली 2 . प्रश्नात्मक शैली
3 . उपदेशात्मक शैली 4 . उदाहरण शैली

प्र 6. दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कर, शब्दों में उत्तर लिखिए— (1X4=4)

जग में बैरी कोई नहीं , जो मन सीतल होय।
या आपा को डारी दे , दया करै सब कोय ।।

1. इन काव्य - पंक्तियों की भाषा है -
1. खड़ी बोली 'हिंदी ' भाषा 2. संस्कृत भाषा 3. अवधी भाषा 4. मिश्रित खिचड़ी भाषा
2. दी गई पंक्तियों के कवि का नाम और कवि का काल होगा-
1. सूरदास और भक्तिकाल 2. कबीरदास और भक्तिकाल
3. रामदरश मिश्र और आधुनिक काल 4. हरिशंकर परसाई और आधुनिक काल
3. काव्य -पंक्तियों में 'आपा ' शब्द का अर्थ है-
1. अपनापन 2. अपनेआप 3. अहं 4. स्वार्थ
4. दी गई पंक्तियों की कविता का नाम है-
1. कबीर के दोहे 2. भगवान के डाकिये
3. यह सबसे कठिन समय नहीं 4. कबीर की साखियाँ

प्र 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के 25-30 शब्दों में उत्तर दीजिये— (2X2=4)
1. वस्तु विनिमय क्या है ? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है ?
2. लेखक ने स्वीकार किया कि लोगों ने उन्हें भी धोखा दिया है फिर भी वह निराश नहीं है। आपके विचार से इस बात का क्या कारण हो सकता है ?
3. यदि बस जीवित प्राणी होती, बोल सकती तो वह अपनी बुरी हालत और भारी बोझ के कष्ट को किन शब्दों में व्यक्त करती ?लिखिए।

प्र 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के 25-30 शब्दों में उत्तर दीजिये : (2X2=4)
1. कवि ऐसा क्यों कहता है कि वह अपने ह्रदय पर असफलता का एक निशान भार की तरह लेकर जा रहा है ?
2. कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं ? पढ़े हुए दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
3. कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिये क्यों बताया है ? स्पष्ट कीजिए।

प्र 9. वसंत पाठ्य पुस्तक में दिए गए पाठों पर आधारित शब्दों में से <u>किन्हीं पाँच शब्दों</u> के अर्थ लिखिए— (1X5=5)
1. चाव 2. ज्ञान
3. पर्दाफ़ाश 4. म्यान
5. उजागर 6. बियाबान
7. गोता

(पूरक पुस्तक ' ज्ञान सागर ' पर आधारित )

प्र 10 . निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के 25-30 शब्दों में उत्तर दीजिये— (2X2=4)
1. साहीवाल राज्य के लिए रामेश्वर कैसा राजा सिद्ध हुआ ? क्यों ?
2. सिपाही किसान के घर क्यों आए ?
3. नया राजा बनाने की क्या परंपरा थी ?

Contd…..4.

प्र 11 . निम्नलिखित वाक्य किसने - किससे कहा है– **(1X5=5)**

1. यह वही व्यक्ति है ,जिसे शिवाजी ने आमंत्रित किया है।
2. आप इस समय साहीवाल राज्य में हैं।
3. मुझे तो कढ़ी - भात खाना ही नहीं आता।
4. "मैं कहाँ आ गया हूँ ? आप मुझे कहाँ ले जा रहे हैं ?"
5. "आप जैसा साहसी, कर्मवीर और दूरदर्शी राजा हमें आज तक नहीं मिला। "

प्र.12. निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए– (1×4=4)

- एक दिन बस की प्रतीक्षा में
- अभ्यास का महत्व
- उफ़! ये परीक्षाओं के दिन

प्र.13. निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर निजी पत्र लिखिए– (1×4=4)

अपने छोटे भाई को मोबाइल पर अधिक समय लगाने के बजाय पढ़ाई पर अधिक समय लगाने की सलाह देते हुए 80–100 शब्दों में निजी पत्र लिखिए।

अथवा

आपकी माताजी का जन्मदिन आने वाला है, उनके प्रेम, सेवा और त्याग की सराहना करते हुए माताजी को भावपूर्ण निजी पत्र 80–100 शब्दों में लिखिए।

प्र.14. निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों में संवाद लिखिए– (1×4=4)

पिछली हिंदी परीक्षा के अच्छे अंक बतलाते हुए पुत्र व माता के बीच संवाद/बातचीत

अथवा

जंगलों की कटाई पर पेड़ और पक्षी के बीच का संवाद/बातचीत

*****